# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.07.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज लोगों से पेरिस ओलम्पिक खेलों में शामिल भारतीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का किया आह्वान।
2. प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जनपद में चल रहे बाघ मित्र कार्यक्रम की भी सराहना की।
3. उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र कल से होगा शुरू : विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आज हुई सर्वदलीय बैठक में सभी दलों से मांगा सहयोग ।
4. सपा के वरिष्ठ नेता माता प्रसाद पाण्डेय बने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष।

और

5. पेरिस ओलम्पिक में भारत के खाते में आया पहला मडल : मनु भाकर ने दस मीटर एयर पिस्टल में जीता कांस्य पदक : राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी बधाई।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में श्रोताओं से पेरिस ओलम्पिक खेलों में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का आग्रह किया है।

*इस समय पूरी दुनिया में पेरिस ओलिंपिक छाया हुआ है। ओलंपिक्स हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने का मौका देता है, देश के लिए कुछ कर गुजरने का मौका देता है। आप भी अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाइए, चीयर फोर भारत।*

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने इंटरनेशनल मैथमैटिक्स ओलम्पियॉड में भारत के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा को। श्री मोदी ने शीर्ष पांच स्थान पाने वाले, देश का नाम रोशन करने वाले इन विद्यार्थियों से बातचीत भी की। पुणे निवासी आदित्य वेंकेट गणेश और सिद्धार्थ चोपड़ा ने बताया कि उन्हें छोटी उम से ही गणित में काफी दिलचस्पी थी और उनके शिक्षक ने भी आगे बढ़ने में उनकी सहायता की। दिल्ली के अर्जुन गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रय अपने माता–पिता को दिया। उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के कनव तलवार ने बताया कि उन्होंने ओलम्पियाड की तैयारी सातवीं कक्षा से ही शुरू कर दी थी। बाइट..

*मेरा नाम कनक तलवार है, मैं ग्रेटर नोएडा उ.प्र. में रहता हूं और कक्षा 11वी का छात्र हूं। मैथ्स मेरा पसंदीदा सब्जेक्ट है, और मैने ओलम्पियाड की तैयारी सेवेन्थ क्लास से शुरू की थी। ये ओलम्पियाड एचबी कैंसी कैन्र्डट कराता है और ये फस्ट क्रेज प्रोसेस होता है पिछले साल मेरा टी में नहीं हुआ था और मैं काफी करीब था और न होने पर बहुत दुखी था, तब मेरे पैरेंट्स ने मुझे सिखाया था हम जीतते हैं या हम सीखते हैं और सफर मायने*

*रखता है, सफलता नहीं और तो मैं यही कहना चाहता हूं कि लव फार टू एण्ड डू फॉर ए लव।*

मादक पदार्थों की समस्या की चुनौती का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि सरकार ने मानस नामक एक विशेष पहल की है। मानस की हेल्पलाइन और पोर्टल को अभी कुछ दिन पहले लांच किया गया है, इसके लिए टोल फ्री नम्बर 1933 सरकार ने जारी किया है।

दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस कल मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि बाघ भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहे हैं और जंगलों के आसपास के गांवों में लोग बाघ के साथ सद्भाव से रहना जानते हैं। श्री मोदी ने उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में चल रहे बाघ मित्र कार्यक्रम का भी उल्लेख किया।

*'बाघ मित्र कार्यक्रम' बहुत चर्चा में है। इसके तहत स्थानीय लोगों को 'बाघ मित्र' के रूप में काम करने की ट्रेनिंग दी जाती है। ये 'बाघ मित्र' इस बात का पूरा ध्यान रखते हैं कि बाघों और इंसानों के बीच टकराव की स्थिति ना बने। देश के अलग–अलग हिस्सोंक में इस तरह के कई प्रयास जारी हैं।*

प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से 15 अगस्त नजदीक आने पर हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने के लिए भी कहा। उन्होंने लोगों को 'hargarhtiranga.com' पर तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस से पहले MyGov या NaMo ऐप पर उनके सुझाव भी मांगे और कहा कि वह स्वतंत्रता

दिवस पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में यथासंभव अधिक से अधिक सुझावों को शामिल करेंगे।

——————————

प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अरुण सक्सेना ने पीलीभीत के बाघ मित्र कार्यक्रम की मन की बात कार्यक्रम में सराहना करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि बाघ मित्रों के सहयोग से कई बाघों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है।

पीलीभीत के बाघ मित्र कार्यक्रम की सराहना करने पर प्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव संजय श्रीवास्तव ने श्री मोदी का अभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि साल 2019 से पीलीभीत में चल रहे इस कार्यक्रम को अन्य टाइगर रिजर्व में भी शुरू किया जा रहा है। बाइट...

माननीय प्रधानमंत्री महोदय ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व ने बाघ मित्रों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की है। मैं इसके लिए बहुब–बहुत धन्यवाद देता हूं। आपके इस शुभकामनाओं से हम लोगों का मनोबल बढ़ा है। यह कार्यक्रम बाघ मित्र 2019 से शुरू किया गया था और आज के दिन में पीलीभीत टाइगर रिजर्व में एक सौ बीस पुरूष बाघ मित्र हैं और साथ में चार महिला बाघ मित्र कार्य कर रही हैं।

प्रधानमंत्री के आज मन की बात कार्यक्रम में पीलीभीत के बाघ मित्रों के कार्यों की प्रशंसा किए जाने पर बाघ मित्रों में भी खुशी देखने को मिली। बाघ मित्र राजीव कुमार ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा.। बाइट..

*मैं राजीव कुमार पीलीभीत टाइगर रिजर्व में जो बाघ मित्र कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसके माध्यम से हम लोगों को जागरूक करते हैं और अगर कहीं जंगल से बाहर बाघ निकलता है तो उसकी सूचना एक एप के माध्यम से विभाग तक पहुंचाते हैं यह कार्यक्रम डब्ल्यूडब्ल्यूएफ पीलीभीत टाइगर रिजर्व के सहयोग से चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम की सराहना आज मन की बात कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा सराहे गये हैं इस कार्यक्रम के लिए मैं प्रधानमंत्री जी को बहुत–बहुत धन्यवाद करता हूं।*

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**जिंगल**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

**प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।**

——————————

**उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र कल से शुरू हो रहा है। यह सत्र दो अगस्त तक चलेगा। सत्र के दौरान 30 जुलाई को सरकार अनुपूरक बजट पेश करेगी। यह वर्ष 2024–25 के लिए प्रदेश सरकार का पहला अनुपूरक बजट होगा। मानसून सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयक सदन**

के पटल पर रखे जायेंगे। सत्र से पूर्व आज लखनऊ में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में श्री महाना ने सभी राजनीतिक दलों से सदन के सुचारू संचालन के लिए सहयोग की अपेक्षा की है।

——————

सपा के वरिष्ठ नेता माता प्रसाद पाण्डेय को उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। लखनऊ में आज सपा प्रमुख अखिलेश यादव की उपस्थिति में हुई विधायक दल की बैठक में माता प्रसाद पाण्डेय को नेता प्रतिपक्ष चुना गया है। वहीं कमाल अख्तर को मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया है। माता प्रसाद पाण्डेय सिद्धार्थ नगर की इटवा सीट से भी विधायक हैं। वे उत्तर प्रदेश विधानसभा के दो बार अध्यक्ष रह चुके हैं।

——————

दिल्ली के राजेंद्र नगर स्थित एक आईएएस कोचिंग संस्थान में कल तीन छात्र–छात्राओं की संस्थान के बेसमेंट में हुए जलभराव से डूबकर मौत हो गई। मृतकों में एक छात्रा श्रेया यादव प्रदेश के अम्बेडकरनगर के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हासिमपुर बरसावा की निवासी थी। घटनाक्रम के अनुसार दिल्ली की राव आईएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट में वर्षा का पानी भर जाने से लाइब्रेरी में पढ़ रहे 35 से अधिक विद्यार्थी उसमें फंस गये। इनमें से

अधिकांश बच निकले लेकिन तीन विद्यार्थी नहीं निकल पाये।

दिल्ली पुलिस ने इस मामले में कोचिंग संस्थान के मालिक और समन्वयक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल एम हर्षवर्धन ने बताया कि हादसे में दो लड़कों और एक लड़की की मृत्यु हुई है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज करके मजिस्ट्रेट जांच शुरू कर दी गई है।

——————————

पेरिस आलम्पिक के दूसरे दिन भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने आज इतिहास रच दिया। उन्होंने महिलाओं की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। ओलम्पिक के इतिहास में निशानेबाजी में मेडल दिलाने वाली मनु भाकर पहली भारतीय महिला हैं। उनकी इस उपलब्धि पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने बधाई दी है।

——————————